भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 194
जिसका उत्तर मंगलवार 30 नवंबर, 2021
9 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाना है

घाटे मे चल रहे अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की हिस्सेदारी खरीदने वाले सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

194. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:
क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान किए गए कुल विनिवेश में से सरकारी स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के माध्यम से घाटे मे चल रहे अन्य पीएसयू की हिस्सेदारी खरीदकर कितनी राशि प्राप्त की गई, इकाई-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पांच वर्षों में विनिवेश प्रक्रिया के माध्यम से निजी कंपनियों से सरकार द्वारा प्राप्त कुल राशि का कंपनी-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्तमंत्रालय में राज्यमंत्री
(डॉ. भागवत किशनराव कराड)

(क): पिछले पांच वर्षों अर्थात वर्ष 2016-17 से 2020-21 में सरकार ने विनिवेशसे कुल 3,14,419 करोड़ रूपये की धनराशि जुटाई है। इस अवधि के दौरान,सरकार के स्वामित्व वाले सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा घाटे में चलने वाले पीएसयूस की रणनीतिक हिस्सेदारी की खरीद के माध्यम से कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई।

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान, किसी पीएसयू का किसी निजी कंपनी को कोई रणनीतिक विनिवेश नहीं किया गया।

*****